कार्यालय जिला सहकारी बैंक लि0, उन्नाव।

प्रधान कार्यालय – हाकिम टोला धवन रोड उन्नाव (उ0प्र0) 209801

पत्रांक 1209 /प्रशा0–वर्ग–4 भर्ती/ 2016–17 दिनांक 29-10-2016

जिला सहकारी बैंक लि0 उन्नाव में चतुर्थ श्रेणी (सहयोगी) के वेतनमान 5,950 – 195/5 – 6,925 –2,55/5– 8200 – 340/5– 9900 – 400/5–11900 के अन्तर्गत नियमानुसार मंहगाई भत्ते एवं अन्य भत्तों में निम्नानुसार रिक्तियों की भर्ती हेतु उ0प्र0 सहकारी समिति कर्मचारी सेवा विनियमावली 1975 के विनियम सं0 5(IV)(एक) के अन्तर्गत गठित चयन समिति द्वारा चयन करने के लिये बैंक प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक 19.10.2016 के प्रस्ताव सं0–7 में लिये गये निर्णय के क्रम में निर्धारित प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

पद नाम	कुल रिक्तियों	सामान्य वर्ग	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु0 जाति	अनुसूचित जनजाति
सहयोगी/गार्ड	20	14	–	6	–

नोटः–उ0प्र0 शासन के शासनादेश के अनुसार क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।

न्यूनतम अर्हतायें एवं शर्ते

1– शैक्षिक योग्यता – न्यूनतम कक्षा–5 उत्तीर्ण

2– आयु – 01.07.2016 को अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक न हो। उ0प्र0 में स्थायी रूप से निवासी सभी आरक्षित वर्गो के अभ्यर्थियों को उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के क्रम में अधिकतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी। आयु में छूट के लिये दावे सम्बन्धी नवीनतम शासनादेश के अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र ही मन्य होगा।

3– आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता/आयु/जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र सम्बन्धी प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।

4– आवेदन पत्र पर पासपोर्ट साइज का स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करना होगा तथा एक फोटो पृथक से स्वप्रमाणित कर नत्थी करना होगा।

5– आवेदन पत्र के साथ स्वयं का नाम एवं पता लिखा हुआ 9 X 4 सेमी साइज के 1 लिफाफे जिनपर 25 रु0 का टिकट लगा हो भेजना अनिवार्य होगा।

6– उक्त पदो के लिए चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा। आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरान्त अनर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जायेगा और न ही चयन समिति/बैंक द्वारा तत्सम्बन्ध में कोई सूचना दी जायेगी। साक्षात्कार की तिथि, समय तथा स्थान की सूचना अभ्यर्थियों को आवंटित अनुक्रमांक सहित साक्षात्कार पत्र, अभ्यर्थियों द्वारा प्रेषित अपना पता लिखे हुये तथा डाक टिकट लगे लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया जायेगा। अभ्यर्थी उक्त लिफाफे पर अपना पूर्ण पता (पिन कोड सहित) अंकित करें। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय समस्त संलग्न प्रमाणपत्रों को मूलरूप में प्रस्तुत करना होगा। परीक्षण/साक्षात्कार के लिये बुलाये गये अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता देय न होगा।

8– शुल्क – उपर्युक्त पद हेतु अनुसूचित जाति, जनजाति एवं शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिये मु0 200.00 रु0 तथा पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के लिये मु0 400 रु0 शुल्क देय होगा। आवेदन शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/जिला सहकारी बैंक लि0 उन्नाव का रेखांकित बैंक ड्राफ्ट अथवा डाकघर से निर्गत पोस्टल आर्डर जो "संयोजक चयन समिति जिला सहकारी बैंक लि0 उन्नाव" के पक्ष में निर्गत तथा उन्नाव पर देय हो आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जायेगा।

9— विज्ञापन में उल्लिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़े ले और यदि निर्धारित अर्हता रखते हो तभी आवेदन पत्र भेजे। आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का पूरा नाम , पता व अन्य समस्त सूचनायें स्वच्छ लेख से निर्धारित कॉलमों में ही भरी जायें। अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित अर्हता न रखने, आवेदन पत्र सही नहीं पाये जाने/त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण व अहस्ताक्षरित पाये जाने की स्थिति में अथवा आवेदन पत्र पर चस्पा फोटो स्वप्रमाणित न करने की दशा में या फार्म के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु एवं आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां फार्म के साथ नत्थी न होने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। जिसकी सूचना सम्बन्धित अभ्यर्थी को नहीं दी जायेगी।

10— आवेदन पत्र "संयोजक चयन समिति/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि0 उन्नाव प्रधान कार्यालय हाकिम टोला धवनरोड उन्नाव पिन कोड—209801 के पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा बैंक मुख्यालय पर रखे बाक्स में किसी भी कार्य दिवस में बैंक कार्य अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक) में दिनांक 20.11.2016 को सायं 5:00 बजे तक जमा किया जा सकता है।

11— ऐसे अभ्यर्थी जो कहीं सेवारत हो वह अपना आवेदन पत्र सेवायोजक द्वारा निर्गत अनापत्ति के साथ भेजे।

12— आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर " वर्ग—4 कर्मचारी (सहयोगी/गार्ड) के पद हेतु आवेदन पत्र" स्पष्ट अक्षरों में लिखकर रेखांकित किया जायेगा।

13— आवेदन पत्र जिला सहकारी बैंक लि0 उन्नाव की वेबसाइट www.dcbunnao.org पर **Recruitment** आप्शन में जाकर डाउनलोड किये जा सकते है। भर्ती के सम्बन्ध में नवीनतम जानकारी बैंक की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

संयोजक चयन समिति एवं
सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी
जिला सहकारी बैंक लि0
उन्नाव।